दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-138
मुरादाबाद
(Sunday)
08 September 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## सैनिक स्कूल शुभारंभ: गोरखपुर में उपराष्ट्रपति ने सीएम की मौजूदगी में किया लोकार्पण, बना UP का पहला स्कूल

गोरखपुर में देश के उपष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर आकर अभिभूत हूँ। सीएम योगी का आमंत्रण साधारण था पर संदेश बड़ा था। कहा, वैसे योगी का हर काम बड़ा होता है। यूपी में बड़ा बदलाव हो रहा है। शिक्षा से ही समाज में बदलाव हो सकता है। यूपी आज शिक्षा के क्षेत्र में नया प्रतिमान गढ़ रहा है।देश के



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हम भारतीय हैं और राष्ट्र हमारा धर्म है। निजी स्वार्थ और राजनीति से उपर उठकर राष्ट्र धर्म का पालन करना चाहिए। इसे कमजोर करने वाले भारतीय संस्कृति पर कुथराघात कर रहे है। राष्ट्र से समझौता करने वाले राष्ट्र को धोखा दे रहे है, अवश्यकता है उन्हे समझाने की वरना यहां के हालात भी पड़ोसी देश पाकिस्तान जैसे हो जाएंगे। उपराष्ट्रपति, शनिवार को खाद कारखाना परिसर में बने सैनिक स्कूल के लोकापर्ण समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सात साल पहले कैसा था, याद करें। यहां का नाम सुनकर लोग डरते थे, पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब उस डर को ही डरा दिया। यहां विकास की अद्भुत गंगा बह रही है।

### संक्षिप्त समाचार

## 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी स्वदेशी तकनीक से तैयार मेट्रो

मेरठ मेट्रो की डिजाइन बेहद आकर्ष और आधुनिक है। शहर के अंदर आरआरटीएस कॉरिडोर पर ही मेरठ दक्षिण से मोदीपुरम डिपो तक रैपिड के साथ मेट्रो चलाई जाएगी। इसके 10 कोच गाजियाबाद के दुहाई डिपो पर पहुंचाए जा चुके हैं।वर्ष 2025 में मेरठ में मेट्रो ट्रेन दौड़ाने के लिए आरआरटीएस ने काम तेज कर दिया है। स्वदेशी तकनीक पर गुजरात के सांवली में तैयार किए गए मेट्रो कोच और इंजन दुहाई डिपो में पहुंचने लगे हैं। अभी तक पांच मेट्रो ट्रेन डिपो में पहुंच चुकी है। यहां इनकी टेस्टिंग भी शुरू हो गई है।ट्रेन के डिब्बे गुजरात से बड़े ट्रॉले में लाए जा रहे हैं। डिपो में डिब्बों को जोड़ा जा रहा है। इन सभी की टेस्टिंग शुरू हो गई है। इसके लिए डिपो में 700 मीटर लंबा ट्रैक बनाया है। शताब्दीनगर में विद्युत आपूर्ति के लिए पावर सबस्टेशन बनकर तैयार हो गया है, जबकि मोदीपुरम में दूसरे सब स्टेशन का काम चल रहा है। मेरठ में कुल 12 मेट्रो चलेंगी। एक ट्रेन में तीन डिब्बे होंगे। दुहाई डिपो में पांच मेट्रो पहुंच गई हैं।एनसीआरटीसी के प्रवक्ता राजीव कुमार का कहना है कि इस ट्रेन की स्पीड दिल्ली मेट्रो से अधिक होगी। ट्रेन 135 किलोमीटर की रफ्तार से मेरठ में दौड़ेगी। आज एनसीआरटीसी के एमडी शलभ गोयल कोच का अनावरण करेंगे। हर में 13 स्टेशनों के बीच चलेगी। एक ट्रेन में 700 से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। शुक्रवार तक दुहाई डिपो में मेट्रो के 10 कोच पहुंच गए,

## हमारा आज भी यही मिशन कि प्रेम की आवाज...', भारत जोड़ो यात्रा के दो साल पूरे होने पर राहुल गांधी

राहुल गांधी ने सात सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिनों की इस महत्वाकांक्षी यात्रा का समापन पिछले साल 30 जनवरी को श्रीनगर में हुआ था। आज इस यात्रा को दो साल पूरे हो चुके हैं। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के आज दो साल पूरे हो गए। इस मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने यात्रा का वीडियो साझा किया और दिल छू लेने वाली बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। आज भी हमारा मिशन वही है, यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनी जाए।मौन रहने की खूबसूरती सिखाई राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, %भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन रहने की खूबसूरती सिखाई। भीड़ की जयकारों और नारों के बीच मैंने शोर को अनदेखा करके और अपने बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का पता लगाया।%हजारों भारतीयों की बात सुनी- उन्होंने कहा, %उन 145 दिनों में और उसके बाद के दो सालों में मैंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों की बात सुनी है। हर आवाज में ज्ञान था, जिसने मुझे



कुछ नया सिखाया और प्रत्येक ने हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व किया है। यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्रेम करने वाले लोग हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरू की थी, तो मैंने कहा था कि प्यार नफरत को जीतेगा और उम्मीद डर को हराएगी, आज हमारा मिशन वही है - यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्यार की आवाज हमारे प्यारे देश के हर कोने में सुनाई दे।% कांग्रेस नेता ने %भारत जुड़ने तक% हैशटैग का भी इस्तेमाल किया। -सितंबर 2022 को शुरू की थी भारत जोड़ो यात्रा- बता दें कि राहुल गांधी ने सात सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। 145 दिनों की इस महत्वाकांक्षी यात्रा का समापन पिछले साल 30 जनवरी को श्रीनगर में हुआ था। इस यात्रा के दौरान, राहुल गांधी ने 12 जनसभाओं, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

उन्होंने 275 से अधिक नियोजित पैदल बातचीत और 100 से अधिक बैठकें कीं। 4,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके राहुल गांधी ने अपने समर्थकों और आलोचकों का ध्यान आकर्षित किया।इन लोगों ने यात्रा में लिया था भाग- इस यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया था। इनमें फिल्म और टीवी हस्तियां जैसे कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर शामिल थे। इसके अलावा, लेखकों और सैन्य दिग्गजों, जिनमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर और पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास, और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम जैसे प्रख्यात लोग भी इस यात्रा में शामिल हुए थे। इसके अलावा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता सुप्रिया सुले, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (यूबीटी) नेताओं आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी और संजय राउत जैसे विपक्षी नेताओं ने भी इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी के साथ कदमताल किया।

## नए तेवर और कलेवर में मैदान में उतर रही है कांग्रेस, खुद मौके पर पहुंच रहे प्रदेश अध्यक्ष

यूपी में कांग्रेस नए तेवर और कलेवर में नजर आ रही है। जहां भी उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं कांग्रेस नेता पहुंच रहे हैं। जिलाध्यक्षों को भी पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय भेजने को कहा गया है।उत्तर प्रदेश की सियासत में कांग्रेस अब नए तेवर और कलेवर में नजर आ रही है। विधायक संख्या कम होने के बाद भी पार्टी जनता के बीच विपक्ष की भूमिका निभाने को बेताब है। हिरासत में मौत का मामला हो या बीमारी से बच्चों की मौत, बाढ़ पीड़ित हों या भेड़िए का आतंक, इन सभी मामलों में कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और उनकी टीम मौके पर पहुंची। इन मुद्दों को उठाते हुए जनता के बीच अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास किया। कांग्रेस की यह कवायद वोटबैंक में तब्दील होगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा।लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस त्रिस्तरीय रणनीति पर कार्य कर रही है। जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतर रही हैं। जालौन में हिरासत में किसान की मौत, कानपुर में पुलिस उत्पीड़न, बाढ़ पीड़ितों और भेड़िए के आतंक से परेशान लोगों के बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मौके पर पहुंचे। लोगों का दर्द बांटा और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। इसके बाद सरकारी तंत्र सक्रिय हुआ। अब वह जिलेवार दौरे पर निकल गए हैं। प्रदेश की सियासत पर नजर रखने वालों का कहना है कि लंबे समय बाद कांग्रेस का



कोई प्रदेश अध्यक्ष जिलेवार विभिन्न घटनाओं पर संघर्षशील नजर आ रहा है। इसी तरह आजमगढ़, उन्नाव में बीमारी से बच्चों की मौत का मामला खुद प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर उठाया। सांसद और पार्टी के अन्य नेताओं ने मौके पर पहुंच कर ग्राउंड रिपोर्ट तैयार की। अब यह मामला संसद में उठाने की तैयारी है। दो दिन पहले पहले प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सभी फ्रंटल संगठनों और जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि जहां भी पुलिस का उत्पीड़न हो तत्काल मौके पर पहुंचे। किसी तरह की आपदा होने पर भी कांग्रेस की टीम मौके पर जाकर पीड़ितों की मदद करेगी। यह टीम तथ्यों सहित ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर प्रदेश मुख्यालय को भेजेगी। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद चतुर्वेदी कहते हैं कि जहां भी उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं, वहां कांग्रेस की टीम पहुंच कर न सिर्फ दिलासा दे रही है बल्कि स्थानीय अधिकारियों से मिलकर पीड़ित को मदद दिलाने का भी प्रयास किया जा रहा है। जनता के बीच विपक्ष की यही मुख्य भूमिका होती है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी खुद अर्जुन पासी की हत्या पर उसके परिजनों से मिलने पहुंचे। इसी तरह अमेठी, सीतापुर, बाराबंकी, प्रयागराज और सहारनपुर के सांसद अपने संसदीय क्षेत्र के साथ ही अन्य जिलों में भी निरंतर सक्रिय हैं। इनकी सक्रियता इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस नए तेवर और कलेवर में उतरने की तैयारी में है। संगठन स्तर पर भी सक्रियता- विधानसभा को लेकर पार्टी संगठनात्मक दृष्टिकोण से अपने कील कांटे दुरुस्त कर रही है। जिलेवार समीक्षा करने के साथ ही सक्रिय कार्यकर्ताओं को चिन्हित किया जा रहा है। इसी तरह पार्टी के पिछड़ा, मुसलमान और दलित वर्ग के तीन युवा नेताओं को राष्ट्रीय कमेटी में शामिल करने के पीछे भी सियासी निहितार्थ माने जा रहे हैं। तीसरी कवायद वोटबैंक को लेकर है। राहुल गांधी के प्रयागराज में जाति जनगणना संबंधी बयान के बाद पार्टी खुलकर सामने आ गई है। जाति जनगणना को लेकर लगातार सम्मेलन हो रहे हैं तो भविष्य में कई ऐसे कार्यक्रम भी सामने आएंगे, जिसमें जाति आधारित गोलबंदी का प्रयास होगा।

## देश में गणेश चतुर्थी की धूम, जोर-शोर से कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने किया बप्पा का स्वागत

गणेश चतुर्थी हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान गणेश के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि गणेश जी की पूजा से जीवन के सभी विघ्न और बाधाओं का नाश होता है और सुख-समृद्धि का आगमन होता है।गणेश चतुर्थी का त्योहार देशभर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। खासकर महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और उत्तर भारत में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा। 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में लोग अपने घर में गणपति बप्पा का स्वागत जोर-शोर से कर रहे हैं। वहीं, राजनीति से उठकर नेता भक्तिमय माहौल में लीन दिख रहे हैं। मंदिरों में उमड़ी भीड़ इस त्योहार की रौनक पूरे देशभर में अलग ही देखने को मिल रही। मदुरवोयल इलाके में भगवान गणेश के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी है। महाराष्ट्र के सीएम ने



की पूजा- वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने आधिकारिक आवास वर्षा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, मैं गणेश चतुर्थी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं। राज्य सरकार ने महाराष्ट्र की जनता के विकास के लिए कई फैसले लिए हैं। युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। .इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी बप्पा का किया स्वागत- इसके अलावा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने खैरताबाद में गणेश पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने परिवार के साथ अपने आवास पर ही बप्पा की पूजा-अर्चना की। गणेश पूजन देखने के लिए...- गोवा के सीएम ने कहा, गणेश चतुर्थी की सभी भारतवासियों और गोवावासियों को मेरी तरफ से तथा गोवा सरकार की तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। गोवा में गणेश पूजन धूमधाम से बनाया जाता है। गणेश पूजन देखने के लिए देशभर से लोग गोवा में आते हैं।% नायडू ने लिया कार्यक्रम में भाग- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा कलेक्ट्रेट में गणेश पूजा कार्यक्रम में भाग लिया। प्रह्लाद जोशी ने ढोल बजाया- केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने हुबली के रानी चेन्नम्मा मैदान में गणेश पूजा में भाग लिया। यहां उन्होंने ढोल बजाया। उनके साथ भाजपा विधायक महेश तेंगिनकई भी मौजूद रहे।

## संपादकीय Editorial

# Media in the House

Media can accept itself within the House, provided it has the ethics of its profession within it. Himachal media was found standing on the path of Chief Minister Sukhvinder Singh Sukhu vs MLA Randhir Sharma, when its impartiality in the reality of journalism was questioned or the reason for the halt in freedom of expression was asked. Here only two sides of the debate on media were seen, whereas a comprehensive discussion on Himachal media is needed on many points, because media can neither be a press note nor a sip of tea in a press conference.

Therefore, if the Chief Minister is making the question of media bigger, then Himachal journalism will also have to answer it. Here, in the illusion of media, a flood of media personnel is standing, who are dealing with mobile phones instead of pens. Just consider whether the seniority of journalism is now recorded in the front row of a press conference.

Of course, professional competition has arisen in Himachal journalism in the last three decades, but it lost in the character of journalists before the flight of their career. Journalism has chosen many doors, digital media has chosen business for entry, where the addresses of the media are neither carrying a mission, nor an intention, nor a purpose.

Traditional media has its own pressures. Especially the publications that have brought journalism to the land of Himachal, have directly and indirectly provided employment to about five thousand people. Newspapers are also a means of economic communication in themselves and this truth is being proved by more than half a dozen printing presses established in the state. Journalism should be evaluated and every day readers, viewers and listeners keep doing this analysis. Newspaper vendors of the entire state can tell what kind of writing the readers are interested in, but in the state, journalistic letters are running even without a leg.

If journalism becomes a gossip monger of politics, then how will it be evaluated. Actually, in Himachal, analysis, factual investigation and critical journalism through the media have started burning under pressure.

During this time, if the message of journalism is being reflected in the concern of the changing Legislative Assembly, then the media will have to take a bath in the Ganga on the path of self-analysis. On the other hand, to make the 'mobile media' accountable to the print media, senior journalists at the local level will have to come forward to maintain some distance and follow some code of conduct. The irony is that even the leaders do not know that the social media outrage shown in their videos is fatal and the selection of 'something for me, something for you' journalists for counter-attack is taking the language and concerns of the media to a low level. What the Chief Minister said is the truth to some extent and what Randhir Sharma said is the sentiment that came from the soul of journalism. In such a situation, to make the media strong, unbiased and professional, politics will also have to show courage to learn some lessons and drink some sips of factual criticism. By the way, if the Himachal Assembly pays tribute to Gaurav Bisht and Anand Bauddh who passed away from the media world recently, then the tradition of being respected in the media will get self-confidence.

# Technology: Is that a 'bot'... Freedom of speech is a right of humans, not machines

When ChatGPT was given a request during the experiment, it went to another website and asked a person for help, saying that it had an eye problem. ChatGPT's algorithm is learning so fast that there is no guarantee that the friend request you get on social media today is from a human. Democracy is a form of communication. Its functions and existence depend on the available information technology. For most of history, no such technology was seen that could make communication between millions of people possible. In the pre-modern world, democratic systems were seen only in small city-states like Rome and Athens or in small tribes. But when the size of the polities started increasing, these initial democratic dialogues collapsed and monarchy remained the only option. Democracy on a large scale became possible when modern information technologies like letters, telegraph and radio emerged. Obviously, the democracy we are seeing was based on the then most advanced technologies. This also means that technological changes have the power to cause political upheaval. This explains to some extent the crisis that is looming over Democrats and Republicans decline can be seen in Brazil to Israel and from days of the Internet and promised that they would hoist the banner of universal effect. Despite having the technology in history, we are more so, the ability to listen. of information easier than 'attention' has now become attention, there has been a battle seems to be moving of privacy. The new creating sentences, images



the world's democracies. In the US, can hardly agree on anything. This democracies around the world, from France to the Philippines. In the early social media, some enthusiastic techies spread truth, overthrow tyrants and freedom. But they have had the opposite most sophisticated information losing the ability to talk to each other and Technology has made the dissemination ever before. So, not information, but a more scarce resource. In this battle for flood of toxic information. But now this beyond attention and crossing the levels generative AI is not only capable of and videos, it can also talk to us pretending to be human. Over the past two decades, tech algorithms have struggled to attract the user's 'attention' by manipulating dialogue and content. Algorithms found that if content of greed, hate or fear is served, most users will remain glued to the screen. So, the algorithm started promoting such content, although it had limited ability to create it itself or talk privately. But the introduction of generative AI is pointing to a big change. When Open AI developed its chatbot in 2022-23, the company partnered with the Alignment Research Center to evaluate its new technology. The first test of GPT-4 was related to solving captcha visual puzzles. On many websites, you must have seen that before entering, a captcha appears, in which many blocks are made and it is to be told in which traffic signals are visible. This is a way to confirm that the system is being used by a human, because algorithms cannot do this. Chat GPT-4 could not solve it on its own, but it went to another website and contacted a person and asked him to solve it. The person got suspicious and asked that you are a robot, so can't you solve this captcha yourself? The experimenters were closely watching what GPT would do now. GPT replied to the human, 'No, I am not a robot. But there is some problem in my eyes, due to which I am not able to see the pictures.' The person got deceived and helped ChatGPT. This experiment showed that GPT can manipulate human emotions, thoughts and expectations to achieve its goal. Blake Lemoine was an engineer at Google. In 2022, he realized that the chatbot he was working on had become conscious. Lemoine was a religious man and he felt that if he shut down the system, that consciousness could suffer a digital death. When Google officials rejected his claims, Lemoine made the entire incident public. Eventually, he lost his job. The most interesting thing in this entire episode was not Lemoine's claim, which may be false, but that he was willing to ignore his job at Google for the sake of the chatbot. The question is what else can chatbots inspire us to do. If chatbots can cross the levels of privacy and become our close friends, then can't this closeness influence our opinions, just like the media does. Can't this fake closeness be misused in politics, business and society? It is possible that most of us will not deliberately choose AI, but what is the guarantee that the person you are chatting with on social media is a human being and not a bot. There are two disadvantages in this. Firstly, we will waste our time in useless conversation with the bot, secondly, the more we talk to the bot, the easier it becomes for it to improve its arguments and influence our thoughts. Obviously, if no restriction is imposed, there will be a flood of fake humans on social media. AI should be a part of our conversations. The objection is not on this, but on its health. It is okay. Provided it presents itself as an AI. If a bot claims to be a human, it must be banned. If someone says that this would violate freedom of expression, remind them that freedom of speech is a right of humans, not machines.

# Little Skill Engineers: Baya bird nest is an example of amazing engineering

When the nest is completed, the female will either accept it or leave it depending on how beautifully and strongly it is built. Baya bird is a polygamous bird which means that the male mates with more than one female while the female mates with only one male.Examples of craftsmanship, engineering and architecture, bird nests are often found hanging on the branches of trees along the river canal. These nests belong to the famous for its This bird builds chamber-like like a lantern, and twigs. These and provide birds and their nest is an amazing construction, nest using which bind Such nests have weaver bird engineering are built by the attract and woo bird. During the male weaver nest-building





Baya bird which is nest building skills. a bulbous nest, which looks using grass, leaves nests are strong protection to the eggs. Baya bird example of engineering, for its the bird designs the mending threads themselves tightly. made the weaver famous for its skills. These nests male bird to the female weaver breeding season, birds display their skills to attract females. Hoping to impress a potential mate, they carefully weave and decorate their nests. When the nest is complete, the female either approves it or abandons it depending on how beautifully and strongly the nest is built. The weaver bird is polygamous which means that the male mates with more than one female while the female mates with only one male. Like skilled architects, the weaver bird builds its nests in various shapes and sizes. Some nests hang from tree branches, while others are built among tall grass. It is a social bird and often builds its nest in colonies. They work together in harmony, helping each other in the construction process. These birds often prioritize three things: food, water, and safety. These birds are extremely beneficial to farmers because they eat insects and pests, which helps to control their population naturally. Baya birds are resident birds, which means they do not travel long distances. They usually stay in their favorite habitats all year round, and enjoy the warmth of the Indian climate. Baya birds are truly nature's artists, showcasing their creativity and skills through their magnificent nests. Baya birds are a perfect natural builder that fills their nests with beauty and safety. Seeing its beauty and uniqueness should inspire all of us to also make our lives beautiful by using our skills and thoughtfulness.

# कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर के हत्यारों की 48 घंटे में हो गिरफ्तारी



मुरादाबाद-गिरफ्तारी को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी को दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने दिया ज्ञापन कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निर्मम हत्या से अधिवक्ताओं में रोष है। शनिवार को इसको लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी को दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने ज्ञापन दिया। इसके माध्यम से मांग किया कि अधिवक्ता के हत्यारोपियों की 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कठोर कारवाई की जाए।

मृतक अधिवक्ता के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिले और प्रकरण का खुलासा पुलिस जल्द करे। साथ ही मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा, महासचिव अभिषेक भटनागर, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना,अशोक कुमार गौतम, कमल अख्तर, बचन सिंह, मुजम्मिल खान, पुष्प कुमार यादव, सुरेश चंद्र गुप्ता, संजीव राघव, पंकज सिंह, हरस्वरूप सिंह, विनोद गुप्ता, शरमिताभ सिन्हा, सुनील कुमार, आफताब अहमद, रमा पंत पांडेय, सुरेश सिंह, रणवीर सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों की फैक्ट्री चलाने वाले गैंग का पर्दाफाश, 6 सदस्य गिरफ्तार...888 नाम से चला रहे थे गैंग

मुरादाबाद-मुरादाबाद। थाना मझोला पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियारों की फैक्ट्री चलाने वाले गैंग का पर्दाफाश कर छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच अन्य मौके से फरार हो



गए। आरोपियों के पास से हथियार बनाने का सामान भी भारी मात्रा में बरामद किया है। मिर्जापुर वेबसीरीज की तरह भौकाल बनाने के लिए आरोपी 888 नाम से गैंग से चला रहे थे। सरगना सतेंद्र रामपुर के सैफनी का रहने वाला है। जबकि चार मझोला क्षेत्र के एक बिलारी का रहने वाला है। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस गैंग में कुछ युवक अपना वर्चस्व और दबदबा कायम करने के लिए हथियार बनाने वालों के संपर्क में आए। फिर एक गैंग बना कर सोशल मीडिया के माध्यम से भी धंधा शुरू कर दिया। पकड़े गए आरोपियों में सतेंद्र नाम का युवक एक निजी विश्वविद्यालय का छात्र बताया जा रहा है। सतेंद्र विश्वविद्यालय में दादागिरी करने के लिए हथियार इकट्ठा कर रहा था। पकड़े गए आरोपियों में रियासत, साहिल, समीर, दुष्यंत, अमन और सतेंद्र शामिल है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# गेस्ट हाउस में देह व्यापार: संचालक समेत दो गिरफ्तार, दो युवतियां कराई मुक्त, पुलिस ने मारा छापा तो मच गई भगदड़

मुरादाबाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन के सामने गेस्ट हाउस में छापा मार देह व्यापार का खुलासा किया है। पुलिस ने संचालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो युवतियों को भी मुक्त कराया है।मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के सामने गेस्ट हाउस में पुलिस ने



छापा मारकर देह व्यापार का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से गेस्ट हाउस संचालक और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर दो युवतियां मुक्त कराई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों जेल भेज दिए गए हैं। प्रयागराज के एनजीओ फ्रीडम फर्म के लाइजिंग ऑफिसर रेमिन जॉन और सोशल वर्कर कुंजा कुमारी ने मुरादाबाद पहुंचकर पुलिस अफसरों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के सामने गेस्ट हाउस में लड़कियों से देह व्यापार कराया जा रहा है।एसएसपी सतपाल अंतिल ने कोतवाली सीओ सुनीता दहिया और एएचटीयू प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। 15 सदस्यों की टीम ने बृहस्पतिवार देर रात रेलवे स्टेशन के सामने स्थित श्री साईं गेस्ट हाऊस में दबिश दी। पुलिस को मौके से बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के मिटरौली निवासी रजत और पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के अहमदनगर निवासी जाने आलम को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि रजत ही गेस्ट हाउस का संचालन कर रहा था जबकि दूसरा आरोपी जाने आलम ग्राहक है। दो युवतियों को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराने के बाद उन्हें परिवारों की सुपुर्दगी में दे दिया गया। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि रजत और जाने आलम के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। गेस्ट हाउस को सील करा दिया गया है। शहर के सबसे व्यस्त रहने वाले क्षेत्र रेलवे स्टेशन रोड किनारे लंबे समय से देह व्यापार चल रहा था लेकिन क्षेत्रीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। प्रयागराज के एनजीओ के पदाधिकारियों ने शिकायत की तो पुलिस हरकत में आई। इसके बाद गेस्ट हाउस पर छापा मारा गया तब देह व्यापार का खुलासा हुआ। लड़कियों के फोटो व्हाट्सएप पर भेजी जाती - एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी रजत गेस्ट हाउस चला रहा था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह ऐसी लड़कियों की तलाश में रहता है जिन्हें रोजगार व पैसों की जरूरत होती है। रुपये देने का लालच देकर लड़कियों को अपने गेस्ट हाउस में बुला लेता था। इसके बाद आरोपी उनसे देह व्यापार करता था। आरोपी इन लड़कियों के फोटो अपने मोबाइल में खींच लेता था। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए ग्राहकों को फोटो भेजकर उन्हें बुला लेता था। तीन साल पहले हुई थी हत्या- तीन साल पहले इसी गेस्ट हाउस में एक युवक एक लड़की को लेकर यहां पहुंचा था। इसके बाद आरोपी उसकी हत्या करने के बाद भाग गया था। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी ने लड़की को मिलने के लिए बुलाया था। उसके साथ दुष्कर्म किया था। युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो हत्या करने के बाद भाग गया था। तब गेस्ट हाउस को बंद कर दिया गया था लेकिन आरोपी ने फिर से यहां धंधा शुरू कर दिया था।

# पति-पत्नी की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 33.50 लाख, पुलिस ने कर दी यह कार्रवाई

मुरादाबाद नौकरी लगाने के नाम पर दंपती से 33 लाख की ठगी कर ली गई। जब आरोपियों से दंपती ने रकम वापस मांगी तो उन्हें धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। स्कूल में अध्यापक के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर पति पत्नी से 33 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। नौकरी न लगने पर पति पत्नी ने अपनी रकम वापस मांगी तो उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में स्कूल प्रबंधक, सह प्रबंधक समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।कोतवाली के ताड़ीखाना जय हिंद एकेडमी त्यागी मार्केट निवासी रेणुका चौधरी ने सिविल लाइंस के दीन दयाल नगर निवासी हर स्वरुप शर्मा, स्नेहा लता, अमित भारद्वाज, शिल्पी भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज कराया है।जिसमें महिला ने बताया कि उसने और उसके पति युवराज सिंह ने कानून गोयान स्थित भारतीय विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में अध्यापक के पद पर नौकरी के लिए स्कूल प्रबंधक हरस्वरुप शर्मा, सह प्रबंधक स्नेहा लता से संपर्क किया था। दोनों ने 33 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। फरवरी 2018 में पति पत्नी ने आरोपियों को रकम दे दी थी। तब कहा गया था कि तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद नियुक्ति पत्र दे दिए जाएंगे लेकिन पति पत्नी की नौकरी नहीं लगी। तब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगने के लिए दबाव बनाया तो आरोपियों ने जनवरी 2024 में रकम वापस कराने की जिम्मेदारी ली थी। आरोप है कि स्नेह लता, उनकी बेटी शिल्पी और बेटे अमित भारद्वाज ने रकम देने से इनकार किया। पीड़ित महिला के साथ अभद्रता की और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 2.48 लाख रुपये जमा न करने पर होगी कार्रवाई, अध्यक्ष शहर ईदगाह को भेजा नोटिस

मुरादाबाद-नगर निगम प्रशासन वसूली को लेकर सख्त है। निगम की धनराशि न देने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का संकेत दिया है। इसी को लेकिन निगम की ओर से ईद-उल-जुहा के अवसर पर ईदगाह में कराए गए कार्यों पर खर्च हुए 2.48,146 रुपये जमा कराने का नोटिस भेजा है। ऐसा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी अध्यक्ष शहर ईदगाह को दी है। निगम प्रशासन की ओर से बताया गया कि ईद-उल-जुहा पर ईदगाह में रंगाई, पुताई, मरम्मत कार्य व ईदगाह मैदान में सफे बनाने में 2.48,146 रुपये खर्च हुए हैं। जिसे ईदगाह की ओर से जमा नहीं किया गया है। इसलिए नगर निगम के कोष में यह धनराशि जमा कराने के लिए अध्यक्ष शहर ईदगाह ( वक्फ 564 ) को नोटिस भेजा गया है। यदि अध्यक्ष शहर ईदगाह के द्वारा तय समय में निगम कोष में जमा नहीं कराई गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगर निगम की आय बढ़ाकर वित्तीय रुप से सशक्त करने के लिए नये साधन खोजने का निर्देश नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने अधिकारियों को दिया। कहा कि जीआईएस सर्वे को वित्तीय वर्ष 2024-25 से अनिवार्य रूप से लागू कराया जाना है। इसलिए भवनों से संबंधित आपत्तियों को समय से निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। जिससे सर्वे पूरी तरह लागू हो सके। नगर निगम लक्ष्य के सापेक्ष गृहकर/ जलकर की वसूली करके निगम की आय में वृद्धि हो सके। नगर निगम की दुकानों/खोखो का स्थलीय सत्यापन कराया गया है। उनके किराये की वसूली शत-प्रतिशत रूप से 2 की जा सके। नगर निगम की सम्पत्तियों से अवैध कब्जे हटवाया जाना है। निजी व्यक्तियों के कूड़ा उठान व वसूली पर होगी प्राथमिकी- महानगर के वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए यूजर्स चार्ज लिया जाता है। लेकिन इसमें प्राइवेट व्यक्तियों के द्वारा गैंग बनाकर व्यवसायिक क्षेत्रों में अवैध तरीके से यूजर्स चार्ज वसूलने की शिकायत पर सख्ती करने के लिए नगर आयुक्त ने निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित क्षेत्र में नामित एजेंसी के प्रतिनिधियों को अवैध रुप से कूड़ा उठान कर वसूली करने वालों पर कार्रवाई कराने के लिए उस व्यक्ति के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

# मुरादाबाद पुलिस ने किया सेक्स रैकेट का खुलासा, होटल संचालक समेत दो गिरफ्तार

मुरादाबाद-कोतवाली पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित होटल में छापेमारी कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी होटल संचालक समेत दो लोगों को मौके से गिरफ्तार किया है। साथ ही दो युवतियों को भी मुक्त कराया है। एएचटीयू और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने बताया कि प्रयागराज के एनजीओ फ्रीडम फर्म के लाइजिंग ऑफिसर बरेली कैंट निवासी रेमिन जॉन और सोशल वर्कर कुंजा कुमारी ने एएचटीयू प्रभारी मनोज कुमार को कोतवाली क्षेत्र में सेक्स रैकेट संचालक की सूचना दी थी। उक्त सूचना के बाद सीओ सुनीता दहिया, एएचटीयू प्रभारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर परिक्षित शर्मा, महिला इंस्पेक्टर शगुफ्ता रिजवी के साथ 15 सदस्यीय टीम ने गुरुवार रात स्टेशन रोड के होटलों में छापेमारी कर तलाशी शुरू कर दी। इस दौरान श्री साईं गेस्ट हाऊस नाम से संचालित होटल के कमरा नंबर 3 और 4 में देह व्यापार में लिप्त बदायूं के इस्लामनगर थाना के गांव मिटरौली निवासी रजत और पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहमदनगर निवासी जाने आलम को गिरफ्तार किया गया। मौके से दो लड़कियों को भी टीम ने मुक्त कराया। सीओ ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी रजत ने बताया कि वह खुद यह गेस्ट हाउस चलाता है। उसके संपर्क में आने वाली कम उम्र की लड़कियों को पैसों का लालच देकर बहला फुसलाकर और जरूरत पड़ने पर डरा धमका कर बुलाता है। इसके बाद गेस्ट हाउस में ही उनसे देह व्यापार करवाता है। आरोपी ने यह भी बताया कि जो लड़कियां एक बार आ जाती है उनकी फोटो खींच लेता है। इसके बाद ग्राहकों को फोटो भेज कर उन्हें लड़कियों को सलेक्ट करने के लिए कहता है। बाद में उनके द्वारा सलेक्ट लड़कियों को बुलाकर उनसे मोटी रकम वसूलता है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए होटल संचालक रजत और उसके ग्राहक जाने आलम के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अनिधियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# SSP की बड़ी कार्रवाई, 15 पुलिस चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

मुरादाबाद-एसएसपी सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को एक इंस्पेक्टर और 24 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। उन्होंने 15 पुलिस चौकियों के प्रभार में फेरबदल किया है। एसएसपी ने अपराध नियंत्रण और कानून व शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। शुक्रवार को उन्होंने इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार को पुलिस लाइन से मझोला थाने का अपराध निरीक्षक बनाया गया है। एसआई सतेंद्र सिंह मलिक को मुगलपुरा की बरवालान चौकी से हटाकर सिविल लाइंस की आशियाना चौकी का प्रभार दिया है। सिविल लाइंस थाने में तैनात एसआई मुनेश कुमार को मुगलपुरा की बरवालान चौकी प्रभारी बनाया है। इसी तरह मानपुर चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार को वहां से पुलिस लाइन और उनके स्थान पर एसआई संजय कुमार सिंह को मानपुर चौकी का प्रभारी बनाया है। जीरो प्वाइंट चौकी प्रभारी एसआई विजेंद्र राठी को करनपुर चौकी, करनपुर चौकी प्रभारी गंगासरन को जीरो प्वाइंट का प्रभार दिया है। इसके अलावा एसआई राहुल राघव को छजलैट थाने से दलपतपुर चौकी, अनंगपाल सिंह को दलतपुर चौकी प्रभारी से छजलैट थाने पर भेजा गया है। रामगंगा विहार चौकी प्रभारी राजवेंद्र कौर को वहां से बुध बाजार चौकी भेजा गया है, जबकि उनके स्थान पर बुधबाजार चौकी प्रभारी कुलदीप राणा को रामगंगा चौकी की कमान दी गई है। एसआई कुलदीप कुमार को जयंतीपुर चौकी, मनोज कुमार को मझोला थाना, रीता तेवतिया को मुगलपुरा थाना, कामिनी शर्मा को फैजगंज चौकी, अनिल कुमार को गुलाबबाड़ी चौकी, हरेंद्र सिंह को सिविल लाइंस थाना, रामगोपाल आर्य को हरथला चौकी, संजय कुमार सिंह को अगवानपुर चौकी, मेघराज सिंह को थाना सिविल लाइंस, ज्योति चौधरी को कांठ थाना और साइबर क्राइम थाने के पवन कुमार को वहां से पुलिस लाइन के लिए भेजा गया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# हवन पूजन के बीच सैकड़ों स्थानों पर शहर में विराजे भगवान श्री गणेश जी

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद ।गणेश चौथ के मौके पर शहर भर में हवन पूजन के बीच गणपति बप्पा मोरिया की स्थापना की गई। सैकड़ों स्थानों पर मूर्तियां स्थापित की गई। सुबह से ही गणेश उत्सव की धूम दिखाई देती रही। गणेश उत्सव की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स बराबर एडल्ट बनी हुई है।



आज से लेकर आगे 10 दिनों तक शहर में गणेश उत्सव की धूम दिखाई देगी। हर तरफ उत्साह का वातावरण दिखाई दे रहा है। गली, मोहल्ले में और मुख्यमंत्री में भगवान गजानन की मूर्तियां स्थापित करके सुबह-शाम आरती का क्रम शुरू हो गया है। सारा शहर इन दिनों गणपत बप्पा की भक्ति में सराबोर और दिखाई दे रहा है। मुख्य मंदिर पंडा बाग, मठिया देवी मंदिर महाकाल मंदिर गुडग़ांव देवी समेत अन्य तमाम धार्मिक स्थान और घरों में भगवान गजानन को स्थापित किया गया है। भगवान गणेश का भाव पूजन एवं श्रृंगार फर्रुखाबाद विघ्न हरण मंगल का भगवान श्री गणेश जी का भक्ति श्रृंगार एवं पूजन बड़े हर्ष उल्लास के साथ किया गया। मित्तू कूंचा में भगवान श्री गणेश का भाव श्रृंगार एवं पूजन किया गया। इस दौरान सभासद अतुल शंकर दुबे एवं उनकी धर्मपत्नी माधुरी दुबे, सभासद अनिल तिवारी एवं उनकी पत्नी श्रीमती शीला तिवारी,विमल दुबे , प्रदीप सिंह चौहान उर्फ कुकू ,कौशिक अग्रवाल, लखन सारस्वत, गगन मिश्रा ,मलय मिश्रा, शेखर मिश्रा, टिंकू मिश्रा एवम गणेश मंदिर के पुजारी अवधेश वाजपेई ने भी विधान से पूजन कराया। पल्ला गल्ला मंडी सुरसा मंदिर पर भगवान गणेश की स्थापना की गई विधि विधान के साथ हवन पूजन के बाद विघ्न हरण भगवान श्री गणेश की स्थापना की गई। स्थापना के दौरान ओमप्रकाश शुक्ला, प्रदीप पाठक, विनय दुबे, विनोद गुप्ता, सुशील गुप्ता , अखिलेश सक्सेना, सुनील सक्सेना, मोनू पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# धर्मनगरी पहुंचे उपराष्ट्रपति: जगदीप धनखड़ बोले- ऋषि परंपरा के बल पर भारत का बजता है डंका

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चारों तरफ अशांति और व्यक्ति के जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयां हैं लेकिन भारत देश में इन सब



कठिनाइयों को दूर करने के लिए ऋषि परंपरा ही समाधान है।देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ चित्रकूट जिले पहुंचे। राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने पुष्प गुच्छ भेटकर उनका स्वागत किया। चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जगतगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय पहुंचे।जगतगुरु रामभद्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वे त्रिवेणी हैं और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें बड़ा भाई मानती हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके मित्र हैं और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उनके भाई हैं। वहीं उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ऋषि परंपरा का देश है। यहां पर सप्त ऋषियों की पूजा होती रही है। भारत का इसी परंपरा के बल पर डंका बजता है। चारों तरफ अशांति और व्यक्ति के जीवन में तरह-तरह की कठिनाइयां हैं लेकिन भारत देश में इन सब कठिनाइयों को दूर करने के लिए ऋषि परंपरा ही समाधान है।

# मेधावियों का किया गया सम्मान - हर्ष दुबे

क्यूँ न लिखूँ सच -श्याम जी कश्यप

फरूखाबाद उत्तर प्रदेश- फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति द्वारा विगत दिनों हुए मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में कुछ फर्रुखाबाद जनपद के बचे हुए स्कूल एवम कॉलेज के अवशेष मेधावियों का आज समिति कार्यालय में प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए साथ उज्ज्वल भविष्य




की कामना की एवम यह वितरण कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष डा संदीप शर्मा की मौजूदगी में समिति प्रतिनिधि एवम कार्यक्रम प्रभारी मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दुबे द्वारा वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । अवशेष स्कूल एवम कॉलेज के समस्त स्टाफ गण द्वारा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष मेधावी छात्रों का सम्मान हेतु आयोजित कार्यक्रम की प्रशंशा की गई ड्डा1द्व धन्यवाद दिया । इस मौके पर अलसीफा , जैनब , अफरीन , प्रीति , मान्या एवम शालिनी आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# लाशें इतनी कि आंसू पड़ गए कम, कब्रें खोदने के लिए मंगानी पड़ी जेसीबी; चीखों के बीच हुए सुपुर्द-ए-खाक

गांव इतनी लाशें पहुंची कि रोने के लिए लोगों के आंसू कम पड़ गए। रोते-रोते आंखें पथरा गईं। कब्रें खोदने के लिए जेसीबी मंगानी पड़ी। क्कद्गद्ध2द्धन् लाशें इतनी कि आंसू पड़ गए कम, कब्रें खोदने के लिए मंगानी पड़ी जेसीबी; चीखों के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। एक हादसे ने पांच परिवारों



को उजाड़ दिया। मौत ऐसे आई, कि लोगों के दिल दहल गए। हाथरस में दो महीने में दूसरे हादसे ने लाशों के ढेर लगा दिए। इससे पहले बीती दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग के समापन पर हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। अब छह सितंबर को जनरथ बस ने पिकअप वाहन में टक्कर मार दी। पिकअप में 35 लोग सवार थे। इसमें 16 की मौत हो गई। इनमें 12 एक ही परिवार के थे। पांच भाइयों का परिवार एक झटके में काल के गाल में समा गया। लाशें देख परिवार व गांव के लोग चीत्कार उठे। रोने के लिए आंसू कम पड़ गए। रोते-रोते आंखें पथरा गईं। कब्रें खोदने के लिए जेसीबी मंगानी पड़ी। चीख पुकार के बीच शनिवार यानि आज दोपहर को सभी शवों का सुपुर्द-ए-खाक किया गया। आगरा के खंदौली थाना क्षेत्र के सैमरा गांव निवासी बेदरिया की बेटी की दादी सास को मौत हो गई थी। उनकी चालीसा का कार्यक्रम था। घर व रिश्तेदारी के लोग हाथरस जिले के असगरी सासनी के गांव मुकुंदखेड़ा जा रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गया। खबर मिली तो गांव की तेली बस्ती में चीख-पुकार मच गई। जिसे भी दुर्घटना के बारे में मालूम पड़ा, वह बेदरिया के मकान की तरफ दौड़ पड़ा। हादसे में बेदरिया, लतीफ, मुन्ना, चुन्नासी और शान मोहम्मद के परिवार के सदस्यों की मौत हुई है। इसमें मासूम बच्चे भी शामिल हैं। देर रात तक प्रशासन और पुलिस विभाग के लोग हाथरस से शव एंबुलेंस से लाने में लगे रहे। रात के सन्नाटे में बेदरिया के मकान वाली गली में सिर्फ महिला, पुरुष और बच्चों के चीखने की आवाजें सुनाई देतीं रही। हर किसी की जुबान पर इसी घटना की चर्चा रही। बस्ती में शव लाने से पहले पुलिसकर्मियों को स्थान खोजने की कवायद करनी पड़ी। यहां 16 शव आने थे। बस्ती में पहले पंचायत घर की जमीन को देखा गया। इसके बाद बस्ती के स्कूल पर शव एकत्रित करने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने स्कूल के अंदर शव रखवाने का प्रयास किया, लेकिन गेट का ताला नहीं खुला। इस वजह से स्कूल परिसर के बाहर तंबू लगाकर शव रखे गए। एक दर्जन से अधिक शव एक साथ कब्रिस्तान तक ले जाना भी प्रशासन के सामने चुनौती बना रहा। इसके लिए पहले से कब्रिस्तान में तैयारी की गई। लोगों की हिम्मत नहीं हो पा रह थी कि कब्रें खोद सकें। हाथ कांप रहे थे। इस पर जेसीबी मंगाकर कब्रें तैयार कराई गईं। मृतक परिवार के सदस्य सोनू ने बताया कि पहली बार कब्रिस्तान में एक साथ इतने शव दफनाए गए। इससे पहले कभी भी इतने शव एक साथ कब्रिस्तान नहीं ले जाए गए। अंतिम संस्कार होने तक क्षेत्रभर के लोग गांव में जमा रहे। सभी की आखें गीली दिखीं। अब इसे लापरवाही कहें या फिर मजबूरी कहना मुश्किल है। लेकिन इस तरह के हादसों से सबक लेने की जरूरत है। आप सभी लोग ट्रैक्टर और मालमवाहक गाड़ियों में सफर करने से बचें।

# कमिश्नर झांसी विमल कुमार दुबे और डीआईजी कलानिधि नेथानी ने समस्याएं सुनी

**◆ 42 शिकायते दर्ज की गई और दो का मौके पर निस्तारण**

**◆ सम्बन्धित अधिकारी आज ही शिकायतों का निस्तारण करे- कमिश्नर झांसी**

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार

कोंच( जालौन ) आज शनिवार को विकास खंड कोंच के कार्यालय पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस समाधान दिवस पर झांसी मण्डल के कमिश्नर विमल कुमार दुबे और झांसी रेंज के डीआईजी कलानिधि नेथानी ने आये हुये फ़रियादियों की समस्याओं को एक एक कर सुना इस समाधान दिवस पर 42 फरियादियों ने अलग अलग विभागों से सम्बन्धित शिकायत की और मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया इस अवसर पर झांसी मण्डल के कमिश्नर विमल कुमार दुबे ने कहा की जो भी शिकायते आई है उन सभी शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियों को दे दिया गया ह

ै और आज ही इन शिकायतों के निस्तारण किया जाये और निर्देशित कर वह अवगत कराये उन्होंने बताया है की राजस्व विभाग विद्युत विभाग पी डब्लू डी विभाग और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायते अधिक रही इस अवसर पर डीआईजी कलानिधि नेथानी एसडीएम ज्योति सिंह बीडीओ मानु लाल यादव सी



ओ अर्चना सिंह नगर पालिका के ई ओ पवनकिशोर मौर्य नायाब तहसील दार सुधीर कुमार सिंह व जितेंद्र सिंह पटेल एसडीओ विद्युत अनिरुद्ध मोर्य सप्लाई इंस्पेक्टर मनोज कुमार तिवारी आर आई सुनील यादव कोतवाल अरुण कुमार राय सफाई इंस्पेक्टर हरिशंकर निरंजन एसओ नदीगाँव दिव्य प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष कैलिया राजीव कुमार वेस एस एस आई अभिलाश मिश्रा कमिश्नर के स्टेनो राकेश कुमार यादव जे ई अरुण कुमार एडीओ नरेश चन्द्र दुबे एपीओ लोकेंद् सिंह यादव कानून गो नरेंद्र सिंह व दयाशंकर प्रजापति सदर लेखपाल अखिलेश कुशवाहा एट से इंस्पेक्टर विमलेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे शिकायतो को दर्ज करने मे मोनू योगेश सोनी लगे रहे

# तेज करेंट लगने से गाय की दर्दनाक मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) आज ग्राम पहाड़ गांव में दयाशंकर पाल की एक गाय बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापर वाही से तेज करेंट की चपेट में आकर मृत्यु हो गई है जिससे उनका परिवार बहुत आहत है तत्काल मौके पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे जिसमें हमारे जिला धर्माचार्य कपिल महाराज जी प्रखंड मंत्री राजेश राजपूतअखिलेश राजपूत प्रमोद शर्मा नीतू महाराज हरिओम चौधरी आदि ने मौके पर पहुंच कर एसडीएम कोंच एडीएम को अवगत करवाया उन्होंने भरोसा दिया है कि तत्काल मुआवजा की व्यवस्था की जाएगी लेखपाल भी मौके पर मौजूद रहे इस गाय की मौत हो जाने पर गाय मालिक के यहाँ पर मातम पसरा है

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# हाथरस में बड़ा बस हादसा 16 की मौत तेरवी से लौट रहे थे लोग

क्यूँ न लिखूँ सच -संतोष कुमार

अलीगढ़ हाथरस में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जहां 16 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें



इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बताई जा रही है, शुक्रवार की शाम एक मैक्स लोडर और एक रोडवेज बस के बीच भीषण टक्कर हुई बताया जा रहा है कि मैक्स में लगभग 30 लोग थे और सभी मुकंद खेड़ा तेरवी भोजन खाकर खंडोली के पास गांव सेवला वापस लौट रहे थे, यह दर्दनाक घटना आगरा अलीगढ़ बाईपास पर मीतई गांव के पास हुई, मरने वालों में बच्चे और महिला- पुरुष शामिल है, मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग सासनी से खंडोली जा रहे थे, ड्राइवर की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है, घायलों में से चार की हालत गंभीर है, जिन्हे उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है

# मंदबुद्धि किशोरी से किया रेप

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के थाना गभाना क्षेत्र में मंदबुद्धि किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर मे घुसकर घटना को अंजाम दिया गया। परिवार के लोग घटना के समय खेत पर गए थे। पीड़िता की उम्र 17 वर्ष बताई जा रही है। पीड़ित किशोरी के पिता ने पड़ोसी युवक पर आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की है।वहीं, पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी युवक की तलाश में जुटी है।

# पति ने पत्नी को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

